BYJU'S
EXAM PREP

Daily Editorial Analysis

"समर्थ पहल" (SAMARTH Scheme)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री ने महिलाओं के लिये एक विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान - "समर्थ पहल" (SAMARTH Scheme) की शुरुआत की, समर्थ पहल के तहत 18 राज्य सरकारों को पारंपरिक और संगठित क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 3.6 लाख लाभार्थियों का प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित किया गया है।

समर्थ पहल:

- इस योजना का उद्देश्य कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप मांग आधारित, प्लेसमेंट उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए बायोमेट्रिक प्रक्रिया का उपयोग किया जायेगा।

- इस योजना का लक्ष्य 10.00 लाख व्यक्तियों (संगठित क्षेत्र में 9 लाख और पारंपरिक क्षेत्र में 1 लाख) को प्रशिक्षित करना है।
- मंत्रालय की कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत आयोजित निशुल्क कौशल विकास कार्यक्रमों में 20 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिये आवंटित की जाएंगी।
- इस पहल के माध्यम से MSME मंत्रालय महिलाओं को कौशल विकास और बाज़ार विकास सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करेगा।

- इस पहल के माध्यम से ग्रामीण और उप-शहरी क्षेत्रों की 7500 से अधिक महिला उम्मीदवारों को वित्त वर्ष 2022-23 में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- इसके अलावा इस पहल के माध्यम से हज़ारों महिलाओं को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने व उनके विपणन के अवसर मिलेंगे।

समर्थ पहल की प्रमुख विशेषताऐं:

- प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी)।
- आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस)।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग।
- हेल्पलाइन नंबर के साथ समर्पित कॉल सेंटर।

समर्थ पहल कार्यान्वयन एजेंसियां:

- वस्त्र मंत्रालय
- वस्त्र मंत्रालय /राज्य सरकारों के संस्थान/संगठन जिनके पास कपड़ा उद्योग के साथ प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा और प्लेसमेंट टाई-अप है।
- वस्त्र उद्योग के साथ प्लेसमेंट टाई-अप रखने वाले प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थान / गैर सरकारी संगठन / सोसायटी / ट्रस्ट / संगठन / कंपनियां / स्टार्ट अप / कपड़ा क्षेत्र में सक्रिय उद्यमी।
- निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत वेब आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) स्थापित की गई है।

प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) की विशेषताएं:

- प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण
- फंड जारी करना
- उम्मीदवारों का नामांकन
- प्रशिक्षण का कार्य
- भौतिक सत्यापन
- मूल्यांकन
- प्लेसमेंट
- पोस्ट-प्लेसमेंट ट्रैकिंग आदि।

byjusexamprep.com